नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक : 21.10.2018

## प्रकाशनार्थ

उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ एवं महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़ द्वारा संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ शोध एवं अध्ययन केन्द्र के तत्त्वाधान में 'लोकभाषा संवर्धन में नाथपंथ का योगदान' विषय पर 22–23 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन महाविद्यालय परिसर स्थित श्रीराम सभागार में पूर्वाहन 10:30 बजे होगा। राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन भाषा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राजनारायण शुक्ल करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रो. यू.पी. सिंह करेंगे। उद्घाटन समरोह में मुख्य वक्तव्य प्रतिष्ठित साहित्यकार प्रो. रामदेव शुक्ल तथा बीज वक्तव्य उत्तर प्रदेश हिन्दुस्तानी एकेडमी के अध्यक्ष डॉ. उदय प्रताप सिंह का होगा। उक्त जानकारी महाविद्यालय के सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. राजेश शुक्ल ने दी।

डॉ. शुक्ल ने बताया कि ''लोक भाषा के संवर्द्धर्न में नाथपंथ की भूमिका'' विषय पर देश भर से लगभग 14 प्रतिष्ठित विद्वान तथा लगभग 70 प्रतिनिधि सम्मिलित हो रहे हैं। दो दिन की राष्ट्रीय संगोष्ठी के चार सत्रों में लगभग देढ़ दर्जन शोधपत्रों पर विचार–विमर्श के साथ संगोष्ठी अपने निष्कर्षो पर पहुँचेगी।

राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रो. हरिशंकर मिश्र, प्रो. सन्तोष शुक्ला, प्रो. भगवन्त सिंह, डॉ. कन्हैया सिंह, डॉ. आद्या प्रसाद द्विवेदी, डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय, डॉ. रविन्द्र कुमार 'शाहाबाजी', डॉ. अनुज प्रताप सिंह, डॉ. फूलचन्द प्रसाद गुप्त, श्री रविन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. भानुप्रसाद सिंह, डॉ. अच्छेलाल के विशेष व्याख्यान होंगे।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी